हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 15 मई 2026
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

मौसम की मार के बाद भी कोरबा में 65 तो कटघोरा में 51 फीसदी तेंदूपत्ते का संग्रहण

2



## खबर संक्षेप

### चांपा एवं ग्राम जर्वे ब में लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** सुशासन तिहार अंतर्गत 15 मई को नगर पालिका चांपा के वार्ड क्र. 20 छत्रपति शिवाजी खेल सभागृह (इंडोर हॉल) एवं जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत जर्वे ब में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर पालिका चांपा के शिविर में वार्ड 11 से 25 कुल 15 वार्ड शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत जर्वे ब में कुल 19 ग्राम पंचायत जर्वे-च, पिसौद, उदेबंद, बिरगहनी-च, कुलीपोटा, बसंतपुर, लछनपुर, मड़वा, कुदरी, महुदा-च, उच्चभिट्ठी, जाटा, कमरीद, सिवनी-च, कुरदा, कोसमंदा, बालपुर, रैनपुर, नवागांव ग्राम पंचायत शामिल होंगे।

### आंधी तूफान से बिजली के पोल उखड़े, टूटे तार

**तनौद।** तेज आंधी-बारिश से ग्राम तनौद, भुईगांव, कमरीद, देवरघटा में तेज आंधी तूफान एवं मूसलाधार बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तेज हवा से सैकड़ों की संख्या में बिजली के पोल उखड़ गए हैं एवं तार टूट गए हैं। चारों गांवों में रात भर बिजली आने की संभावना नहीं है। सैकड़ों पेड़ धराशायीः सड़क एवं खेतों में सैकड़ों पेड़ टूटकर गिर गए हैं, जिससे आवागमन बाधित है। कई कच्चे मकानों के छप्पर उड़ गए हैं एवं दीवारें गिर गई हैं। गरीब परिवार खुले में रहने को मजबूर हैं। फसल को नुकसान खेतों में खड़ी मक्का, सब्जी एवं अन्य फसलें आंधी-बारिश से चौपट हो गई हैं। बिजली न होने से नल-जल योजना एवं हैंडपंप भी बंद हैं, जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### सभा, जुलूस एवं रैली में हथियार लेकर चलने पर लगा प्रतिबंध

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन मई-2026 हेतु समय-सारणी जारी कर दी गई है। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 8 मई से 4 जून तक आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिला सक्ती अंतर्गत जनपद पंचायत सक्ती के ग्राम पंचायत ऋषभतीर्थ (रेनखोल), पतेरापाली कला (जुनवानी) में पंच पद हेतु तथा बाराद्वार बस्ती में सरपंच पद हेतु, जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम पंचायत बीरभांठा में सरपंच पद हेतु एवं ग्राम पंचायत परसा में पंच पद हेतु, जनपद पंचायत डभरा के ग्राम पंचायत बिनौधा में पंच पद हेतु तथा जैजैपुर के ग्राम पंचायत करही, कोटेतरा एवं अकलसरा में पंच पद हेतु उप निर्वाचन संपन्न कराया जाना है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला दण्डाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

### भंवतरा में पैतृक संपत्ति विवाद पर चार मर्डर, आरोपी पिता पुत्र गिरफ्तार

# भाई के हत्यारे को पिता नहीं दे रहा था बंटवारा, ले ली पूरे परिवार की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-पामगढ़

ग्राम भंवतरा में दादा दादी और नाती नातिन की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। मामला पैतृक संपत्ति में बंटवारे के विवाद से जुड़ा है। बताया जाता है कि सगे भाई के हत्यारे को पिता ने जब पैतृक संपत्ति में बंटवारा देने से इंकार कर दिया तो आरोपी ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने ही मां बाप और भतीजा व भतीजी की जान ले ली। इस जघन्य हत्याकांड को जब अंजाम दिया गया जब निर्माणाधीन मकान में रात के समय चारों सोए हुए थे।

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम भंवतरा में रहने वाले मेदनी कश्यप उसकी पत्नी शांति बाई और नाती पिताम्बर कश्यप व नातिन मोंगरा की रक्त रंजित लाश गुरूवार 14 मई को खाट में पड़ी मिली। उनके यहां मकान निर्माण का काम चल रहा था। रोज की भांति काम करने वाले मिस्त्री घर पहुंचे तो घर का दरवाजा बाहर से बंद था। ऐसे में वे पीछे के रास्ते से भीतर गए तो परछी में चारों की रक्त रंजित लाश पड़ी हुई थी। उन्होंने इस बात की जानकारी तत्काल गांव के सरपंच को दी। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गांव वालों ने घटना की सूचना मेदनी के मंझले बेटे सोनसाय कश्यप को दी। जिस पर वह मौके पर पहुंचा और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने शिवरीनारायण थाने चला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी सकते में आ गए। प्रभारी एसपी निवेदिता पाल, एडीशनल एसपी उमेश कश्यप तत्का घटना स्थल के लिए रवाना हुए। कुछ ही देर में डाग स्क्वायड और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकरियों ने मौके का मुआयना किया और मामले की जांच पडताल शुरू की। संदेह के आधार पर पुलिस ने मेदनी के बेटे सोनसाय को ही हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। मामले में सोनसाय और उसके बेटे गोलू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक मेदनी के तीन बेटों में से बडे की मौत काफी पहले हो चुकी थी। उसकी एक बेटी मोगरा अपने दादा दादी के साथ रहती थी। इसी तरह तीसरे बेटे की वर्ष 2009 में सोनसाय ने ही हत्या की थी। जिसके लिए उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी और दो साल पहले ही वह सजा काटकर आया था। बताया जाता है कि छोटे भाई की हत्या करने के नाम से मेदनी उसे पैतृक में बंटवारा नहीं दे रहा था। दूसरे बेटे का इकलौता बेटा पिताम्बर भी दादा दादी के साथ रहता था। बताया जाता है कि इसी पर से उसने 13-14 मई की दरमियानी रात इस जघन्य हत्याकांड कोअंजाम दिया। इस कार्य में उसने अपने बेटे को भी शामिल किया और दोनों सलाखों के पीछे पहुंच गए।



घटना के बाद घर के सामने लगी लोगों की भीड़।

### खोजी कुत्ते ने की मदद, पहुंचा आरोपी के घर तक

भंवतरा में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में खोजी कुत्ते ने पुलिस की बडी मदद की। बताया जाता है कि मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों की टीम ने खोजी कुत्ते को मृतकों के पास से रवाना किया तो वह घर से निकलकर खेत की तरफ गया। वहां से जले कपडे और चाकू पड़ा मिला। यहां से कुत्ता सीधे आरोपी सोनसाय कश्यप के घर पर जा पहुंचा। घर पर ताला लगा हुआ था। ताला तोडकर पुलिस अंदर पहुंची तो वारदात में प्रयुक्त टांगी मिला।

# हाइवा की टक्कर से युवक की मौत मुआवजे को लेकर 3 घंटे चक्काजाम

## चांपा के घठोली चौक में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर गुस्साएं लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर तीन घंटे चक्काजाम कर दिया। इस बीच डेढ़ लाख की सहायतार्थ राशि दिए जाने के उपरांत मामला शांत हुआ। घटना चांपा के घठोली चौक की है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घठोली चौक के पास गुरुवार 14 मई को तेज रफ्तार हाइवा वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश पटेल उम्र 21 वर्ष पिता शैलेंद्र पटेल, निवासी दर्री बाराद्वार–सरहर के रूप में हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। इधर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा की टक्कर से युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और हाइवा चालक को हिरासत में ले लिया। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने घटोली चौक रोड पर चक्काजाम कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर लोगों का आक्रोश इतना अधिक था कि शव को सड़क पर ही रख दिया गया। चक्काजाम करीब 2 से 3 घंटे तक चला, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर तहसीलदार प्रशांत पटेल और चांपा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव पहुंचे और लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया। चिलचिलाती धूप में अधिकारी, पुलिस बल और ग्रामीण लंबे समय तक सड़क पर खड़े रहे। शव भी लगभग 2 से 3 घंटे तक सड़क पर रखा रहा। तहसीलदार द्वारा तत्काल पारिवारिक सहायता राशि 75 हजार रुपये देने की घोषणा की गई। इसमें 50 हजार रुपये वाहन मालिक की ओर से तथा 25 हजार रुपये शासन की ओर से दिए गए। मुआवजे की राशि मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद शव को सड़क से हटाया गया और यातायात धीरे-धीरे बहाल हो सका। तब कही जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए शव अस्पताल भेजा गया, जहां पीएम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दी गई। मामले में पुलिस ने आरोपी हाइवा चालक को हिरासत में ले लिया है।



हादसे के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़

## दिव्यांग महिला पर चाकू से हमला, तीन आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दिव्यांग महिला के घर अंदर घुसकर धमकी देने छेड़खानी एवं चाकू से हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को पांच पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं 60-60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने सुनाया है।



इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2022 को सुबह 9 बजे पीडिता अपने घर के अंदर बरामदा में सब्जी काट रही थी। इसी दौरान उसके घर के पीछे के दरवाजे को खोलकर अंदर घुसे और हाथ को पकडकर बेईज्जत करने की नियत से हरकत करने लगे। अभियुक्त सामाजिक राठौर पीडित महिला को गले को दबाकर अपने दामाद एकेश्वर प्रसाद राठौर के 376 प्रकरण में राजीनामा कराने के लिए कोरे कागज में अभियुक्त विनय राठौर ने पीडिता के हाथ को पकड़कर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराया और एसपी और आई जी से शिकायत करती हो कहने लगे। इसके बाद महिला ने खुद को उनसे छुडाकर फगुरम चौकी पहुंची। इस बीच अभियुक्त गण महिला को मोटरसायकल से पीछा भी किया। इस बीच हाथापाई कर महिला को चोट पहुंचाया गया। इस मामले की रिपोर्ट पीडिता ने फगुरम चौकी में दर्ज कराई थी। जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ भादंवि की धारा 451, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में फगुरम चौकी ने डभरा थाने को दी। जिसके बाद अपराध दर्ज किया गया था। मामला फगुरम पुलिस द्वारा न्यायालय में सौंपे जाने के बाद संपूर्ण साक्ष्य उपरांत आरोपी विनय राठौर पिता सामाजिक लाल राठौर, सामाजिक लाल राठौर पिता नारायण प्रसाद एवं सतीश पिता हेमचंद राठौर को लज्जा भंग करने अपराधिक बल का प्रयोग करने, चाकू से हमला करने के मामले में विशेष न्यायाधीश दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम ने आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 6-6 माह का सश्रम कारावास सुनाया गया है। मामले की पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

## रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन, आधा दर्जन गाड़ियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने आधा दर्जन वाहनों को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई जैजैपुर एवं चंद्रपुर क्षेत्र में की गई है। इधर कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है।

- जैजैपुर एवं चंद्रपुर क्षेत्र में खनिज विभाग उडनदस्ता टीम ने की कार्रवाई

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 14 मई को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन पर खनि अधिकारी के. के. बंजारे के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा खनिजों के अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज निरीक्षक टुमेश कुमार ध्रुव एवं खनिज विभाग उड़नदस्ता की टीम द्वारा आज ग्राम जैजैपुर एवं ग्राम चन्द्रपुर में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम जैजैपुर में रेत के अवैध परिवहन के 2 प्रकरण एवं ईंट के 1 प्रकरण पाए गए। वहीं ग्राम चन्द्रपुर में चूनापत्थर के 3 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। खनिज विभाग की टीम ने कुल 6 वाहनों को जप्त कर संबंधित थाना जेजैपुर एवं चन्द्रपुर में सुरक्षित रखा है। उक्त वाहनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए सतत कार्रवाई की जा रही है। इसके पूर्व खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार 13 मई को जांजगीर चांपा जिले के बलौदा, बम्हनीडीह, केराकछार, नवापारा में कार्रवाई करते हुए रेत के अवैध परिवहन में लगे 12 वाहनों को जब्त किया था।



जब्त वाहनों के साथ विभाग के अफसर।

### 13 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पामगढ़।** पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगाकोहरौद निवासी मनोज बंजारे उर्फ रामसत्ता उम्र 39 साल द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। आरोपी के कब्जे से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध 34(2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर 14 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी पामगढ निरीक्षक सावन सारथी, प्रआर. विजय निराला, राजेश कोशले, आरक्षक उमेश दिवाकर थाना पामगढ का सराहनीय योगदान रहा।

## वाहन चालक से गाली गलौज व धमकी, कलेक्टर ने की कार्यपालन अभियंता पर कार्रवाई की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने एसडीएम कार्यालय में अटैच वाहन चालक को धमकाया था। इसे लेकर कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को मामले की जांच करने निर्देशित किया था। इस मामले की जांच रिपोर्ट आने के बाद कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पर अनुशासनात्मक कार्यवाही को लेकर जल संसाधन विभाग के सचिव को पत्र भेजा है

ज्ञात हो कि मंगलवार 12 मई को जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा एसडीएम कार्यालय में अटैच वाहन चालक को धमकाया था। साथ ही साथ उनसे अश्लील गाली गलौज की गई थी। वही दंतेवाड़ा एवं बस्तर ट्रांसफर कर देने के भी बात कही इस पूरे मामले का ऑडियो वायरल हुआ था। इस मामले को लेकर कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। अपर कलेक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत करने के बाद इस पूरे मामले को लेकर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के सचिव को पत्र प्रेषित कर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की है।




### क्या है मामला

मंगलवार 12 मई को जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने ही विभाग के शासकीय वाहन चालक को फोन पर धमकी दिए जाने का आडियो तेजी से वायरल हुआ। वायरल आडियो में हुई बातचीत के अनुसार जल संसाधन विभाग में पदस्थ वाहन चालक एसडीएम कार्यालय में संलग्न है। जिन्हें रिलीव होने को लेकर बातचीत हुई थी।

### बम्हनीडीह में सरगर्मियां तेज, नामांकन दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ

# नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रेक्षक ने तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह में आम निर्वाचन के तहत चुनाव होना है। इसे लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक ने तैयारियों का जायजा लिया। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेख संधारण, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। उनके साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एसडीएम एवं रिर्टनिंग अफसर भी मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि नवगठित नगर पंचायत बम्हनीडीह में आम निर्वाचन के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए चुनाव होना है। इसे लेकर गुरूवार 14 मई को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक ए.आर. टंडन द्वारा निर्वाचन तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं, आदर्श आचरण संहिता पालन एवं प्रशासनिक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। प्रेक्षक श्री टंडन द्वारा निर्वाचन कार्यालय, नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति व्यवस्था, स्क्रूटिनी कक्ष, प्रतीक आवंटन व्यवस्था, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल तथा प्रस्तावित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेख संधारण, प्रवेश नियंत्रण एवं निर्वाचन सामग्री सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस एवं प्रशासनिक समन्वय, सेक्टर अधिकारियों की तैनाती एवं सतत निगरानी व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। प्रेक्षक द्वारा आदर्श आचरण संहिता पालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजनीतिक दलों को जारी अनुमतियों, सभा-जुलूस अनुमति प्रक्रिया, ध्वनि विस्तारक अनुमति, वाहन अनुमति एवं प्रचार सामग्री नियंत्रण संबंधी अभिलेखों का अवलोकन किया गया। उनके साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र चौधरी, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर पवन कोसमा, तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शशिभूषण सोनी, जिला निर्वाचन संयोजक आशीष पाटले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधा चरण तिवारी सहित पुलिस, नगर पंचायत एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा नगर पंचायत बम्हनीडीह में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने निर्देशित किया।



तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे प्रेक्षक एवं अन्य अफसर।



## खबर संक्षेप

### पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1.15 तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी, जिसमें कुल 573 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीओं के लिए निर्देश जारी किया गया है। परीक्षार्थियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा, वहीं पुलिसकर्मी ढाई घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से पहुंचेगे ताकि मेटल डिटेक्टर एवं फ्रिस्किंग जांच सुचारू रूप से की जा सके।

### मितानिनों को बीपी ऑक्सीमीटर का किया गया वितरण

**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार के अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्रों के अधीनस्थ 80 मितानिनों को बीपी ऑक्सीमीटर का वितरण प्राथमिक स्वास्थ्य में किया गया है उक्त मांगों को क्षेत्रीय जनपद सदस्य सनिता अनिल टंडन के द्वारा एसईसीएल दीपका प्रबंधन से बीपी ऑक्सीमीटर मांग किया गया था जिसे क्षेत्र के सभी ग्रामवासियों को इसका लाभ मिल सके तथा मितानिनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य को उत्तम बनाया जा सके। इसके लिए बीपी ऑक्सीमीटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युद्धेश सांडे, डॉक्टर टिकेंद्र वर्मा, सुधा महंत, टी पात्रे सिस्टर, दिनेश जायसवाल, भुनेश्वर एवं समस्त मितानीन उपस्थित थे।

### चूलेश्वर बने जवाली मंडल के प्रभारी



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से तथा बिलासपुर संभाग संगठन प्रभारी जगदीश रामू रोहरा सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला, जिला प्रभारी अनिल केशरवानी, सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला के अनुमोदन से एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के मण्डल प्रभारी/सह प्रभारी की घोषणा की गई। भारतीय जनता पार्टी कोरबा के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के द्वारा किसान नेता व भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश सहसंयोजक किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ चुलेश्वर राठौर को भारतीय जनता पार्टी जवाली मंडल के प्रभारी बनाए जाने पर बधाई दी है।

### सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में मना नर्सेस डे

**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे के अवसर पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एवं सिद्धि विनायक पैरामेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ तथा डी.एम.एल.टी. एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. शतदल नाथ ने अपने संबोधन में आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन, संघर्ष, सेवा भावना एवं मानवता के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा है। डॉ. नाथ के नेतृत्व में उपस्थित सभी नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने नाइटिंगेल शपथ ग्रहण की। शपथ का सार यह रहा कि प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी अपना जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित रखेगा, रोगियों की सेवा पूर्ण निष्ठा, प्रेम, करुणा, धैर्य और सहानुभूति के साथ करेगा, किसी भी प्रकार की हानिकारक अथवा अनैतिक गतिविधि से दूर रहेगा, अपने ज्ञान एवं कौशल को निरंतर विकसित करते हुए चिकित्सा और नर्सिंग के उच्चतम मानकों का पालन करेगा, रोगियों, उनके परिवार तथा अस्पताल से संबंधित सभी गोपनीय जानकारियों को पूर्णतः सुरक्षित रखेगा।

# सीतामणी से उरगा तक 197 करोड़ की लागत से बनेगी फोर लेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले की यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा पर नई सड़कों का निर्माण एवं पुरानी सड़कों का चौड़ीकरण के कार्य को स्वीकृति मिल गई है। जिसमें सीतामणी से लेकर उरगा तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण प्रमुख रुप से शामिल है। डीएमएफ की 197 करोड़ की राशि से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे कोरबा चांपा मार्ग को लगातार बढ़ रहे आवागमन के दबाव से परेशानी झेल रही जनता को निजात मिल सकेगी।

सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण जैसे योजनाओं को लेकर जिला प्रशासन स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर को भेजा जाता है। जहां से स्वीकृति के पश्चात सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरु की जाती है। शहर के अंदर और बाहरी हिस्से में सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य शुरु हो चुके हैं। शहर के बाहर की ओर से जाने वाली सड़कों में दर्री ध्यानचंद चौक से परसाभाठा रिस्दा चौक होते हुए रिस्दी चौक तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। परसाभाठा चौक तक सड़क चौड़ीकरण किया जा चुका है। रिस्दा चौक तक भी सड़क निर्माण हुआ है और बालको से मिलने वाली 30 करोड़ की राशि से रिस्दा चौकी से रिस्दी चौक तक टू लेन सड़क का निर्माण होगा।

## आवागमन में मिलेगी आम शहरवासियों को राहत

**खास बातें**

- स्ट्रीट लाइट की जाएगी व्यवस्थित, नहीं होगा जल भराव
- स्वीकृति के पश्चात सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरु की जाएगी



## बीते वर्ष हुआ था जलभराव

सीतामणी से उरगा तक जाने वाली सड़क में पिछले वर्ष भिलाई बाजार बस्ती के समीप बारिश में जल भराव होने से सड़क से आवागमन मुश्किल हो गया था। छोटे वाहन नहीं निकल पा रहे थे। मुख्य सड़क होने के बावजूद इस सड़क की मरम्मत और पानी निकासी को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य नहीं होने के कारण सडक नहर का रुप ले चुकी थी। पीडब्ल्यूडी ने भी पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की थी। यही कारण है कि बारिश के दिनों में यह सड़क जलभराव होने के कारण पूरी तरह जर्जर हो गई थी। मार्ग में अंधेरा और सड़क में जल भराव ने आम लोगों का आवागमन मुश्किल कर दिया था। फोर लेन सड़क की स्वीकृति मिलने से अब लगभग 10 किमी सड़क की तस्वीर बदलने जा रही है।

## शहर के अंदर की भी सड़क होगी चौड़ी

कोसाबाड़ी चौक से रिस्दी चौक तक जाने वाली सड़क चौड़ी करण निगम के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए राशि जारी कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज, पीजी कॉलेज सहित पुलिस लाईन, निर्मला सीबीएसई स्कूल, नागरिक आपूर्ति निगम का गोदाम सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी मुख्य सड़क में खुल चुके हैं इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आवागमन इसी सड़क से होता है, यातायात का दबाव बढ़ने के कारण सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके पूर्व मेडिकल कॉलेज के समीप बारिश में होने वाले जल भराव के समस्या का निराकरण करने के लिए एक बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष की बारिश में मार्ग से गुजरने वाले लोगों को जलभराव का सामना करना नहीं पड़ेगा।

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के कोसाबाड़ी स्थित आवासीय कालोनी का मामला

# विद्युत कंपनी के आवासीय मकानों से कब्जा खाली करने 693 लोगों को नोटिस जारी



सीएसईबी का मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में कब्जा जमाए अवैध बेजाकब्जाधारियों के खिलाफ अब सिविल विभाग द्वारा विधिक नोटिस जारी किया जा रहा है। विभाग द्वारा लगभग 693 आवास में कब्जा जमाए गैर बिजली कर्मचारियों को मकान खाली करने के लिए नोटिस थमाया जा रहा है। जिसके तहत 15 दिनों के भीतर मकान खाली नहीं करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। विभाग द्वारा जारी नोटिस के बाद बेजाकब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**खास बात**

- सिविल संभाग -2 के कार्यपालन अभियंता की तरफ से वकील ने जारी किया विधिक नोटिस

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा बिजली कर्मचारियों व उनके परिजनों के लिए कोसाबाड़ी में आवासीय कालोनी का निर्माण कराया गया है। पूर्व में विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में केवल बिजली कर्मचारी ही निवास करते थे। इसके अलावा राज्य व केंद्रीय कर्मचारियों को भी आवश्यकता पड़ने पर आवास का आबंटन किया जाने लगा। धीरे धीरे कालोनी के मकानों में बाहरी लोगों ने भी कब्जा जमाना शुरु कर दिया। अब हालात यह हो गए हैं कि विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी स्थित मकानों में से लगभग 70 प्रतिशत मकानों में बाहरी लोगों ने कब्जा जमाया हुआ है। अधिकतर लोगों द्वारा खाली पड़े मकानों का ताला तोड़कर उसमें कब्जा कर लिया गया है। वहीं कुछ मकानों पर विद्युत कंपनी के अधिकारियों से ही सांठ गांठ कर बाहरी लोगों ने कब्जा किया हुआ है। विद्युत प्रबंधन कंपनी द्वारा कई बार बेजाकब्जाधारियों से मकान खाली कराने कोशिश की गई लेकिन कंपनी को सफलता नहीं मिली। विद्युत कंपनी के सिविल विभाग द्वारा अब ऐसे बेजाकब्जाधारियों से मकान खाली कराने वकील के जरिए नोटिस थमाया जा रहा है। लगभग 693 लोगो के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। जिसकी वजह से विद्युत कंपनी के विभागीय आवासों में कब्जा जमाने वाले बेजाकब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### जारी किया गया नोटिस

विद्युत कंपनी के आवासीय मकानों में अनाधिकृत रुप से कब्जा जमाने वाले बेजाकब्जाधारियों के खिलाफ विधिक नोटिस जारी किया गया है जिसके तहत उन्हें 15 दिनों के भीतर मकान खाली करने का निर्देश दिया गया है। तय समय पर मकान खाली नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**-चंचल कावड़े,** जेई, सिविल संभाग-2

## बिजली कर्मचारी किराये पर चला रहे मकान

एक तरफ विद्युत कंपनी अपने आवासीय मकानों से बेजाकब्जा हटाने कवायद कर रही है वहीं दूसरी ओर बिजली कर्मचारी ही बेजाकब्जाधारियों को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। कई कर्मचारी तो ऐसे हैं जिन्होंने अपने नाम पर एक से अधिक मकान एलॉट करा लिया है और उन मकानों को किराये पर चढ़ा दिया है। बिजली कर्मचारी देवानंद बढ़ई एनडी में निवासरत हैं इसके अलावा उन्होंने ओई 39 एवं ओई 41 नंबर का मकान भी अपने नाम पर एलॉट कराया हुआ है। उक्त दोनों मकानों पर दूसरे व्यक्ति निवासरत हैं। सूत्रों की मानें तो देवानंद बढ़ई द्वारा उक्त दोनों मकानों को किराये पर दिया हुआ है। इसके पीछे वजह यह बताई जा रही है कि विद्युत कंपनी द्वारा ओई या सुपर एफ जैसे मकानों का महत 100 से 150 रुपए बतौर किराया लिया जाता है। वहीं बिजली कर्मचारी ऐसे मकानों को मोटे दर पर किराये पर चढ़ाकर पैसा वसूलते हैं। इसके अलावा कुछ कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त होने के बाद कागज पर मकान का हैंडओवर तो कर दिया पर अभी भी उन मकानों पर उनका कब्जा बरकरार है। कंपनी प्रबंधन को चाहिए कि एक से अधिक मकान एलॉट कराने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्यवाही करे और इनसे विभागीय दर की जगह बाहरी लोगों के हिसाब से मकान का किराया वसूल करे।

# एक युवक ने फांसी लगाकर बनाया वीडियो दूसरे ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने आत्महत्या कर ली है। जहां एक युवक ने फांसी लगाकर अपने ही मोबाइल से वीडियो बनाया है तो वहीं दूसरी ओर एक दूसरे युवक ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों ही युवकों ने किन कारणों के चलते आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**खास बात**

- पहली घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के 15 ब्लाक बस्ती की है तो दूसरी घटना करतला थाना अन्तर्गत ग्राम बताती की है

पहली घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के 15 ब्लॉक बस्ती की है यहां निवासरत मनीष चंद्रा 27 वर्ष पिता कुशल प्रसाद चंद्रा, स्वर्ण आभूषण गिरवी रखने वाली एक निजी कंपनी में रिकवरी का काम करता था। बताया जाता है कि मनीष चंद्रा ने अपने ही घर में कमरे में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। जब घटना की सूचना पुलिस को मिली तो सीएसईबी पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। हालांकि पुलिस को घटना स्थल से किसी तरह का कोई भी सुसाइड नोट या अन्य कोई सामान नहीं मिला है। लेकिन पुलिस ने मृतक मनीष का जो मोबाइल जप्त किया है उसमें उसने आत्महत्या करने से पहले अपना वीडियो जरूर बनाया है। पुलिस ने मनीष के मोबाइल को जप्त कर लिया है। फिलहाल उसने क्यों और किस लिए आत्महत्या की है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। दूसरी घटना करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बताती की है। यहां निवासरत दीपक तंवर 25 वर्ष पिता दयाराम ने अज्ञात कारणों के चलते 11 मई को घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को पता चला तो उन्होंने दीपक तंवर को उपचार के लिए करतला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया था। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां दो दिनों तक उपचार चलने के बाद बुधवार की सुबह दीपक तंवर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई करते हुए शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है।

# रेलवे ट्रैक से 42 लाख के बिजली पोल की चोरी, आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुराकछार बांकीमोंगरा से पसान के बीच बिछाए जाने वाले रेल पांत में लगभग 42 लख रुपए कीमती विद्युत पोल की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। इस मामले में प्रबंधन ने पुलिस से शिकायत की थी। जिस पर अज्ञात कबाड़ चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। मामले में पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए दो शातिर बदमाशों को धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए कीमती कटी हुई लोहे की पोल जब्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि बांकीमोगरा थाना क्षेत्रांतर्गत सेंट्रल लाइन सुराकछार बांकीमोंगरा से पसान के बीच रेल लाइन बिछाने का काम चल रहा था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने कुछ माह पहले ही सुराकछार से बांकीमोगरा और पसान के बीच लगे 102 नग विद्युत पोल काटकर चोरी कर ली गई थी। इस मामले में कटघोरा निवासी अनीष कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर बांकीमोंगरा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामला सामने आते ही आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की विशेष टीम लगाई गई थी। साथ ही बांकीमोगरा थाना प्रभारी चमन सिंह एवं उनकी टीम लगातार मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इमलीछापर निवासी राजा खान उर्फ फिरोज खान 30 वर्ष पिता हसन खान एवं पंखा दफाई निवासी धरम सिंह राजपूत 38 वर्ष पिता मंगल सिंह राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिन्होंने रेलवे पांत में बिछाए जाने वाले 102 नग विद्युत पोल को काटकर चोरी की थी। पुलिस ने मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। जबकि इस मामले में फरार चल रहे के आरोपी अशोक चौहान की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही थी। बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिंह ने बताया कि इस गिरोह का सरगना धरमम सिंह राजपूत और राजा खान थे जिन्होंने अपने गिरोह के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि धरमम सिंह राजपूत के खिलाफ जिले में चोरी, लूट जैसे दो दर्जन से अधिक मामले हैं। बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कबाड़ चोर का सरगना धरम सिंह राजपूत और राजा खान उर्फ फिरोज खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेल पांत के लिए बिछाया गया विद्युत पोल की चोरी की थी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त गैस सिलेंडर व कटर।

### लूटपाट के प्रयास के मामले में आरोपियों को 10 साल की सजा

**कोरबा।** लगभग एक साल पूर्व गल्ला किराना के थोक व्यापारी पर कट्टा की आड़ में लूटपाट करने के मामले में तीन आरोपियों को 10 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया है। अतिरिक्त सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्यांक थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2025 में गल्ला किराना दुकान के थोक व्यापारी आयुब अंसारी जब अपने घर लौटने का प्रयास कर रहा था बाजार से मोटरसाइकिल में सवार तीन चार लड़के आयुब अंसारी के कनपटी पर कट्टा अड़ा कर लूटपाट करने का प्रयास किया था इस दौरान आयुब खान ने हिम्मत दिखाते हुए लुटेरों को पड़कर में सफलता हासिल किए थे जिसके बाद पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को झारखंड निवासी धनेश्वर मिंज उम्र 32 वर्ष एवं रायगढ़ निवासी रतन लकड़ा और सरगुजा निवासी अमरिकन पैकरा को गिरफ्तार मामले को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में पेश किया था।

# जंगल में पेड़ से लटका मिला नर कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार क्षेत्र में एक पेड़ से लटका नर कंकाल मिला है। इसकी पहचान दरगा निवासी मान सिंह (45 वर्ष) के रूप में की गयी है। जो मार्च माह से लापता था। परिजनों ने मौके पर मिले कपड़ों और सामान के आधार पर उनकी शिनाख्त की।

**खास बात**

- मार्च से लापता मानसिंह के रूप में की गई पहचान, पुसिस की जांच जारी

ग्रामीणों ने सुआपहाड़ जंगल में बुधवार को नर कंकाल लटका देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। यह कंकाल पहाड़ पर लगभग 25 किलोमीटर ऊपर घने जंगल में मिला है। परिजनों ने बताया कि मान सिंह खेती-किसानी का काम करता था और होली के बाद से अचानक लापता हो गए था। परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने रजगामार चौकी में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने कंकाल को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्यवाही की। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने बताया की मौत कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और जंगल से मिले अन्य साक्ष्यों को भी जब्त किया है।

# मौसम की मार के बाद भी कोरबा में 65 तो कटघोरा में 51 फीसदी तेंदूपत्ते का संग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगातार मौसम के बदलते तेवर के बीच इस बार दोनों वन मंडल में तेंदूपत्ता का संग्रहण शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम साथ भी दे रहा था। जिसके चलते जंगल में बसने वाले आदिवासी परिवारों द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही तेंदूपत्ता का संग्रहण जोर शोर से किया जा रहा है जिसका नतीजा सामने आने लगा है। अब तक कोरबा वनमंडल में 65 प्रतिशत, कटघोरा वन मंडल में 51 फ़ीसदी तेंदू पत्ता का संग्रहण हो चुका है। आने वाले दिनों में उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों वन मंडल द्वारा लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय की वर्ष 2026 के लिए कोरबा वन मंडल को 53 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है। जबकि कटघोरा वन मंडल को 76 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है। मई के शुरुआती दिनों में लगातार मौसम के बदलते तेवर, आंधी बारिश की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विलंब से शुरू हो पाया था। किसी तरह तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य दोनों ही अनमंडल में तो शुरू हो गया है लेकिन इस बार काम बहुत पीछे चल रहा है। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से मौसम बेहतर बना हुआ है जिसके चलते वनांचल क्षेत्र में बसने वाले हजारों की संख्या में आदिवासी परिवार अल सुबह से ही उठकर जंगलों में पहुंच रहे हैं और बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता का संग्रहण कर गड्डियों को खेतों में इकट्ठा करने का काम कर रहे हैं। प्रतिदिन जोर शोर से जंगल में काम चल रहा है। मौजूदा स्थिति में कोरबा वन मंडल में 53800 मानक बोरा के एवज में अब तक 35287 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण कर लिया गया है, जो कुल संग्रहण का 65 प्रतिशत है। जबकि कटघोरा वनमंडल में 76 हजार 300 मानक बोरा के एवज में 39389 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण पूरा कर लिया गया है जो कुल संग्रहण का 51 प्रतिशत है। दोनों में वन मंडल में आधे से अधिक तेंदूपत्ता का संगठन कर लिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो इसी तरह तेंदूपत्ता संगहण कार्य चला तो संग्रहण लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद है।

# जटगा रेंज में विचरण कर रहा 48 हाथियों का झुंड, फसलों को पहुंचाया नुकसान



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मेउड़ पहाड़ क्षेत्र में 48 हाथियों का बड़ा दल डेरा डाले हुए है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों के झुंड से अलग होकर कुछ हाथी लगातार ग्रामीण इलाकों की ओर पहुंच रहे हैं और किसानों की बाड़ी में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीती रात भी एक दर्जन से अधिक हाथी पहाड़ से नीचे उतरकर जटगा क्षेत्र में पहुंच गए और दो ग्रामीणों की बाड़ी उजाड़ दी। हाथियों ने बाड़ी में लगी सब्जियों और अन्य फसलों को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। अचानक हाथियों के गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोग पूरी रात दहशत में रहे और किसी तरह खुद को सुरक्षित रखा। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का आंकलन शुरू किया। विभागीय अमला हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# वेलकम टू द जंगल से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार फिर से अपने मजेदार अंदाज में वापस आ गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया है। इसमें अक्षय कुमार बहुत स्टाइलिश और दमदार दिख रहे हैं। निर्माताओं के अलावा अक्षय कुमार ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'वेलकम टू द जंगल' का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस खास पोस्टर के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा, 'अगली फिल्म वेलकम टू द जंगल।' फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में 30 से अधिक अभिनेताओं की एक बड़ी स्टारकास्ट है। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

लाइफ Style

# नोरा

## स्वर्ण आभूषण पहनकर जल देवी बनी आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें वे सोने के आभूषणों से सजी किसी जल देवी जैसी लग रही हैं। नोरा फतेही अपने लुक और स्टाइल के मामले में अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं। वे सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं।

अब वे अपने हालिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने अपनी कुछ मनमोहक फोटोज शेयर की हैं। इन्हें देखकर लगेगा मानो कोई दिव्य जल देवी हो। खुद नोरा भी अपने इस लुक की दीवानी हो रही हैं। नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस लुक की दीवानी हो गई हूं। हम सोने के गहनों के जरिए एक भारतीय अंदाज वाली किसी दिव्य जल देवी जैसा रूप दिखाना चाहते थे, लेकिन साथ ही बॉडी टैटू के जरिए इसमें अमाजिग बर्बर संस्कृति का भी एक टच जोड़ना चाहते थे। दो अलग-अलग दुनियाओं के एक बेहद खूबसूरत मेल की झलक इस लुक में है'। बता दें कि अमाजिग बर्बर संस्कृति उत्तरी अफ्रीका की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है। नोरा के इस लुक में जहां सोने के पारंपरिक आभूषणों से भारतीय संस्कृति की झलक नजर आ रही है। वहीं, बर्बर संस्कृति को उन्होंने जोड़कर इसे और खूबसरत बनाया है। नोरा फतेही ने कमरबंद से लेकर गले के मल्टी लेयर हार और झुमकों के साथ-साथ मुकुट भी पहना है। उनके इस लुक पर नेटिजंस तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'अलग-अलग कल्चर को बहुत ही खूबसूरती से दिखाया है'।



## हॉलीवुड मसाला



# पीटर को मिला पाम डी ओर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** लॉर्ड ऑफ द रिंग्स ट्रिलॉजी के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी में पाम डी'ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पीटर जैक्सन को ये अवॉर्ड लॉर्ड ऑफ द रिंग्स के अभिनेता एलिजा वुड ने प्रदान किया। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही पीटर जैक्सन इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं।



# दुखद अनुभवों को यादकर आज भी सिहर उठती हैं

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस और सिंगर हेडन पैनेटीयर ने हॉलीवुड को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक हालिया पॉडकास्ट में एक्ट्रेस ने उन दिनों की दर्दनाक आपबीती सुनाई है, जब वह हॉलीवुड में कॅरियर शुरू कर रही थीं। हेडन बताती हैं कि तब वह महज 18 साल की थीं। वह कुछ ऐसे दुखद अनुभवों से गुजरी हैं, जिन्हें यादकर वह आज भी सिहर उठती हैं। उन्होंने बताया कि कैसे 'इंडस्ट्री' के उनके दोस्तों ने उन्हें एक 'मशहूर आदमी' के बिस्तर तक पहुंचा दिया था। वह यह सब बताते हुए रो पड़ीं। जे शेट्टी वीडियो में हेडन से उस वाकये का जिक्र करते कहते हैं, 'जब आपकी एक दोस्त आपको एक बोटी पर ले जाती है। आपको वहां एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता है जहां एक बुजुर्ग शख्स मौजूद होता है।



# शॉर्ट फिल्म उबाल में रोमांस करते दिखे


**मुंबई।** राजपाल यादव के पास इन दिनों काम की कमी नहीं है। वे बैक टू बैक दिलचस्प प्रोजेक्ट कर रहे हैं। इन दिनों उन्हें अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी मूवी 'भूत बंगला' में देखा जाएगा। इसके बाद वे 'उबाल-एक बुझी हुई प्रेम कहानी' में नजर आएंगे। 'उबाल' एक शॉर्ट फिल्म है। इसमें राजपाल यादव रोमांस करते दिखेंगे। राजपाल यादव ने इंस्टाग्राम अकाउंट से मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने 'उबाल' का एक वीडियो पोस्ट किया है। यह फिल्म 13 मई को रिलीज हो गई है। दर्शक इसे पिंक बॉम्बे यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। राजपाल यादव इसमें जिंदगी का पाठ पढ़ाते नजर आएंगें। फिल्म 'उबाल' का वीडियो काफी दिलचस्प है। इसमें दृश्यों के जरिए एक जोड़े की जिंदगी की झलक देखने को मिली है।



# एआई फिल्म वन-विदिशा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्ममेकर राही अनिल बर्वे की पिछली फिल्म 'मायासभा' और 'मन-पिशाच' का दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब अनिल ने अपनी एक और एआई बेस्ड फिल्म 'वन-विदिशा' की झलक सोशल मीडिया के जरिए दी है। 'मन-पिशाच' की तरह ही यह फिल्म भी जीरो बजट में बनी है। बर्वे ने इस एआई फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया। ट्रेलर के मुताबिक यह किसी जंगल में पनपते रहस्य की कहानी है। इसमें एक राजा है, एक अप्सरा है और एक मसखरा भी है। इन सब के साथ एक लड़की भी है जिसे दोबारा जीवित किया गया है। ट्रेलर किसी जंगल में रहने वाली लोककथा या कहानी पर आधारित लग रही है। किरदारों के कपड़ो के डिजाइन से भी ऐसा लग रहा है। पूरे ट्रेलर की बात करें तो यह फिल्म प्रकृति और लोक कथा का मेल मालूम होती है।

## टीवी मसाला




# नाराज मंदाना ने भारत छोड़ा कहा- यह मुश्किल होने वाला है!

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 9' और 'लॉकअप' फेम बॉलीवुड एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत छोड़ दिया है। जी हां, एक्ट्रेस ने बेहद भावुक अंदाज में यह खबर साझा की है और बताया कि 16 साल बाद हिंदुस्तान छोड़ना उनके लिए एक कठिन फैसला है। ईरानी मूल की 37 साल की एक्ट्रेस ने भारत को अपना 'दूसरा घर' भी बताया। मंदाना करीमी ने यह बड़ा फैसला ऐसे समय में लिया है, जब बीते दिनों अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान वह लगातार अपनी बेबाक बयानी के कारण सुर्खियों में रही थीं। मार्च महीने में अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद मंदाना ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का जश्न मनाया था। एक्ट्रेस ने दावा किया कि खामेनेई ने ईरान की जनता को बहुत सताया है। 'भाग जॉनी' और 'क्या कूल हैं हम 3' की एक्ट्रेस मंदाना ने अपने भारत छोड़ने की खबर, एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए दी। मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एयरपोर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया और कहा, 'मैंने कभी सोचा भी नहीं था और न ही मुझे यकीन था कि मैं ऐसा कह पाऊंगी, लेकिन अलविदा भारत।' एक्ट्रेस ने वीडियो में कहा, 'यह मुश्किल होने वाला है। लेकिन, भारत में लगभग 16 साल बिताने के बाद, आखिरकार... मैं अपने दूसरे घर को पीछे छोड़ रही हूं... अब एक नई शुरुआत की ओर बढ़ रही हूं। नया देश, नया घर, सब कुछ नया।' जब तक मैं बाहर नहीं निकल जाती, तब तक मैं ज्यादा जानकारी शेयर नहीं कर सकती।

## लोगों की सोच बदलनी है : रुहानिका

**नई दिल्ली।** टीवी पर कई साल तक 'छोटी रुही' के नाम से पहचानी जाने वाली रुहानिका धवन अब खुद को बिल्कुल अलग अंदाज में देखना चाहती हैं। स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में हिस्सा लेने जा रहीं रुहानिका धवन ने खुलकर अपनी इमेज और लोगों की सोच पर बात की। उन्होंने कहा कि लोग आज भी उन्हें वही टीवी वाली छोटी, रोने वाली लड़की समझते हैं, लेकिन इस शो के जरिए वो ये सोच बदलना चाहती हैं। रुहानिका ने कहा कि सच कहूं तो मुझे लग रहा है कि मैं अब सच में बड़े होने वाले फेज में पहुंच रही हूं। मैंने अभी तक सिर्फ टीवी किया है, ये मेरे लिए बिल्कुल अलग दुनिया है। मैं हमेशा ऐसी चीजों की तरफ भागती हूं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकालें क्योंकि वहीं सबसे ज्यादा बदलाव होता है। मैं सबसे ज्यादा लोगों का रिएक्शन देखने के लिए उत्साहित हूं। मुझे अपने डर से लड़ते हुए देखेंगे। शायद पहली बार मुझे उस रूप में देखेंगे, जो जोखिम लेने से नहीं डरता।



# आलिया भारत पावेलियन के उद्घाटन पर पहुंचीं, साथ दिखे आशुतोष

**पेरिस।** 12 मई से 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई है। आलिया भट्ट भी वहां पहुंची हैं और अपने लुक से लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका एक और लुक सामने आया है। वे भारत पवेलियन के उद्घाटन इवेंट पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ एक्टर-डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर भी दिखे। आलिया भट्ट ने आइवरी साड़ी में इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल में अपने हर लुक में भारतीय संस्कृति का टच देने की कोशिश कर रही हैं। बीते दिन पीच कलर के गाउन के साथ उन्होंने दुपट्टा कैरी किया। वहीं, आज उन्होंने साड़ी पहनी है। इसके साथ माथे पर छोटी सी मैचिंग बिंदी ने उनके लुक को निखार दिया है। वहीं, हाथों में हाथफूल भी अलग ही दमक रहे हैं। आलिया भट्ट ने साड़ी के साथ बहुत तड़क-भड़क वाला मेकअप नहीं किया है। न ही हैवी ज्वैलरी पहनी है। मगर, उनका यह सिंपल लुक देसी छाप छोड़ रहा है। नोज रिंग उन्हें क्वीन वाइब दे रही है। ब्लाउज के डिजाइन ने थोड़ा मॉडर्न टच दिया है। यह पारंपरिक ब्लाउज के बजाय कोटीनुमा ब्लाउज है। आलिया भट्ट भारत पवेलियन पहुंचीं और उन्होंने आशुतोष गोवारिकर के साथ मिलकर 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और उसका क्रिएटिव विजन लॉन्च किया। आलिया एक विंटेज-स्टाइल छतरी थामे हुए पवेलियन की ओर बढ़ीं। उनके इस लुक में पुराने जमाने का आकर्षण साफ दिखा।

# फेयरी लुक में उर्वशी ने बिखेरा जादू ...

**पेरिस।** कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत कर रही हैं। पहले दिन आलिया भट्ट के अलावा उर्वशी रौतेला भी इस इवेंट में पहुंचीं। इस अभिनेत्री का लुक भी खूब चर्चा में बना रहा। उर्वशी रौतेला अपने फैशन सेंस, स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। मंगलवार को वह भी कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आईं। उनका लुक, स्टाइल सोशल मीडिया पर छा गया। उर्वशी का लुक फेयरी (परी) इंस्पायर्ड था।



उनका ज्वेलरी और मेकअप लुक भी काफी हटकर नजर आया। उर्वशी ने इस खास इवेंट के लिए फेयरी (परी) इंस्पायर लुक चुना है। सिल्वर गाउन लुक में वह दमकती नजर आईं। यह गाउन पूरी तरह से बॉडी फिटेड था। उर्वशी ने ज्वेलरी भी ड्रेस से मैचिंग पहनी थी। हाथ में एक यूनीक स्टाइल का पर्स भी नजर आया। हेयर एसेसरीज के तौर पर भी क्राउन स्टाइल ज्वेलरी उर्वशी ने कैरी की थी। उर्वशी ने अपना आईमेकअप भी सिल्वर टोन में रखा था। हेयरस्टाइल में हाई बन बनाया हुआ था। जिससे उनका लुक पूरी तरह से परफेक्ट नजर आ रहा था। उर्वशी रौतेला के करियर फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में नजर आएंगी।

## कान से कल्याणी की पहली झलक आई सामने



लोका चैप्टर 1 की अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में पहुंच चुकी हैं। फिल्म 'लोका' में अपने अभिनय से अखिल भारतीय स्तर पर पहचान हासिल करने वाली मलयालम अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंच चुकी हैं। वह जल्द ही कान के रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। अभिनेत्री ने फ्रेंच रिवेरा पहुंचने के बाद कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। हालांकि, वह अभी तक फेस्टिवल में नहीं पहुंची हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह 14 मई को फेस्टिवल में शामिल होंगी। निर्देशक प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी की कान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई हैं। इस दौरान कल्याणी ने पीले रंग के स्टाइलिश टॉप के साथ व्हाइट फ्रंट कट रंग की स्कर्ट कैरी की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। कल्याणी ने अपने लुक के अलावा कान से फ्रेंच रिवेरा के आसपास की कई शानदार तस्वीरें भी शेयर की हैं।

## आखिरी सांस तक रुकने नहीं दिया था अपनी कलम को

# कफन की जगह ओढ़े थे अखबार, अब्बास का ऐसा था अंतिम सफर

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का शहंशाह बनाने वाले फिल्ममेकर का नाम ख्वाजा अहमद अब्बास था। ख्वाजा एक लेखक, निर्देशक और पत्रकार थे। उन्होंने न केवल अमिताभ बच्चन जैसे महानायक को पर्दे पर उतारा था, बल्कि आखिरी सांस तक अपनी कलम को रुकने नहीं दिया था।*



### बिग बी के 'मामू जान ख्वाजा'

आज जिसे दुनिया सदी का महानायक कहती है, उस अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में पहला ब्रेक ख्वाजा अहमद अब्बास ने दिया था। जब वह 'सात हिंदुस्तानी'लिख रहे थे तब उनकी नजर अमिताभ के फोटो पर पड़ी थी। उन्होंने अमिताभ को मिलने बुलाया था। जब उन्हें पता चला कि अमिताभ, डॉक्टर हरिवंशराय बच्चन के बेटे हैं तो उन्होंने उन्हें खत लिखा था और उनकी अनुमति मांगी थी। डॉ. हरिवंशराय बच्चन की परमिशन मिलने के बाद उन्होंने अमिताभ को 5,000 रुपए में साइन किया था।

### रोंगटे खड़े कर देने वाली अंतिम इच्छा

ख्वाजा अहमद अब्बास का पत्रकारिता और अखबारों से ऐसा रिश्ता था कि मौत भी उन्हें उसे अलग नहीं कर पाई थी। दरअसल, ख्वाजा अहमद अब्बास ने अपनी वसीयत में लिखा था कि जब उनकी मृत्यु हो, तो उनके पार्थिव शरीर को कफन की जगह उनके लिखे हुए लेखों और न्यूजपेपर्स (अखबारों) से ढंका जाए। वह चाहते थे कि जिस पेशे ने उन्हें पहचान दी, वही उनके अंतिम सफर का साथी बने। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए, उनके सीने पर अखबारों की प्रतियां रखी गई थीं।

### राज कपूर और अब्बास की जोड़ी

सिनेमा की दुनिया में राज कपूर की सफलता के पीछे भी ख्वाजा अहमद अब्बास का हाथ था। उन्होंने राज कपूर के लिए आवारा, श्री 420 और बॉबी जैसी फिल्में लिखी थी। आवारा की कहानी ने न केवल भारत, बल्कि रूस में भी धमाका कर दिया था।

### न बंगला, न गाड़ी

इतनी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहने के बावजूद ख्वाजा अहमद अब्बास ने बेहद साधारण जीवन जिया था। उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही कोई आलीशान बंगला। वह बस की यात्रा करते थे और अपना सारा ध्यान समाज की कड़वी सच्चाई को कागज और पर्दे पर उतारने में लगाते थे।

### पैरालाइज होने के बाद भी नहीं रुकी कलम

ख्वाजा अहमद अब्बास को अपने काम से बहुत प्यार था। जब उनके शरीर के एक हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था और वह पैरालाइज हो गए थे, तब भी उन्होंने लिखना नहीं छोड़ा था। वह बोलकर अपने लेख लिखवाया करते थे। उन्होंने बॉम्बे क्रॉनिकल और फिर ब्लिट्ज' मैग्जीन में अपना मशहूर कॉलम 'लास्ट पेज' लगातार 40 सालों तक लिखा था।



खबर संक्षेप

## किरारी पंचायत के प्रगणकों को वितरित की गई जनगणना किट



**किरारी-अकलतरा।** किरारी पंचायत में जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में पंचायत क्षेत्र में कार्यरत सभी प्रगणकों को जनगणना किट का वितरण किया गया। किट वितरण का कार्य किरारी के सुपरवाइजर अनुभव तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान प्रगणकों को जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, फार्म एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। साथ ही कार्य को जिम्मेदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।सुपरवाइजर अनुभव तिवारी ने कहा कि जनगणना शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें सही और सटीक जानकारी एकत्र करना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान प्रगणकों को घर-घर सर्वे, आंकड़ों के संकलन तथा रिकॉर्ड संधारण को लेकर आवश्यक जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने जनगणना कार्य में पारदर्शिता और सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर शिक्षक प्रगणक दीपक भानू, कुलदीप कुंभकार, ओमप्रकाश यादव, ओमप्रकाश चंद्राकर, संतोष साहू एवं रामकुमार कुंभकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रगणकों ने जिम्मेदारीपूर्वक जनगणना कार्य संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## लायन संतोष कुमार नंदकुमार बने एमजेएफ

**चांपा।** स्थानीय लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी एवं वरिष्ठ लायन नंदकुमार देवांगन लायंस क्लब्स इंटरनेशनल द्वारा एमजेएफ की उपाधि से सम्मानित किये गये है। उन्हें यह सम्मान लायंस इंटरनेशनल एल.सी.आई.एफ. में एक साथ एक हजार डॉलर की सहयोग राशि प्रदान करने पर प्रदत्त किया गया है। इससे उक्त दोनों लायन सदस्य अब अपने नाम के आगे लायन के साथ-साथ मेल्विन जोन्स फेलो यानि एमजेएफ लिख सकेंगे। उन्हें यह सम्मान प्राप्त होने पर स्थानीय लायंस क्लब परिवार ने प्रसन्नता जाहिर की है।



संतोष कुमार सोनी



नंदकुमार देवांगन

## सिद्धिविनायक स्कूल की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देवरी सारागांव।** सिद्धिविनायक इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। पूर्व माध्यमिक शाला की छात्रा सोमी यादव ने कक्षा 8वीं में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, वहीं प्राथमिक शाला की छात्रा दिव्या साहू ने कक्षा 5वीं में 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य पुष्पेंद्र साहू ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





## आराध्या ने सीबीएसई परीक्षा में टॉप टेन में बनाई जगह

**डभरा।** डभरा नगर की होनहार छात्रा आराध्या अग्रवाल ने बारहवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पुरे प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त कर नगर का मान बढ़ाया है। विदित हो कि 13 मई को सीबीएसई बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ है जिसमें नगर पंचायत डभरा की होनहार छात्रा आराध्या अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया है। आराध्या अग्रवाल अकादमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में रहकर पढ़ाई की है। उनके पिता दीपक अग्रवाल जिला सक्ती के भाजपा महामंत्री हैं माता का नाम कविता अग्रवाल गृहणी हैं। आराध्या अग्रवाल बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं और आगे जाकर बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई करना चाहती हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता के साथ साथ गुरुजनों को दिया है।



### निधन

## विमला बाई देवांगन

**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा भाठापारा देवांगन मोहल्ला के प्रतिष्ठत नागरिक शखुदुम लाल देवांगन की धर्मपत्नी विमला बाई देवांगन का गुरुवार 14 मई को आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष की थी। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र कुंजीलाल देवांगन ने दी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम गर्जना तालाब के पास किया गया। वे कुंजीलाल देवांगन,तोषक देवांगन,कमलेश देवांगन एवं मनोज देवांगन के मां थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा रिश्तेदार और ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### जिले के प्रभारी सचिव ने किया जन समस्या निवारण शिविर का निरीक्षण

# शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- तनौद में आयोजित शिविर में प्राप्त हुए 1342 आवेदन

नगर पालिका अकलतरा के कुंवर भुवन भास्कर प्राथमिक एवं माध्यमिक व वार्ड 12 एवं जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत तनौद के हाई स्कूल तनौद में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत तनौद में आयोजित शिविर में विधायक, प्रभारी सचिव, कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व संसदीय सचिव सहित अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर संचालित योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध सेवा प्रदाय तथा प्राप्त आवेदनों के संवेदनशील निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत तनौद में आयोजित शिविर में कुल 1342 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 1281 मांग एवं 61 शिकायत से संबंधित है। जिले के प्रभारी सचिव एस प्रकाश ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार नागरिकों के समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। साथ ही शिविरों में पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करें। विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही विभिन्न विभागों को सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ देने एवं प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करने कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप आयोजित इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं एवं उनका निराकरण कर रहे हैं। पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है और नागरिकों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील की। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि "सुशासन तिहार" का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का पारदर्शी, सरल और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। शिविर में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर आर के तम्बोली सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान चर्चा करते जिले के प्रभारी सचिव एस प्रकाश, साथ में कलेक्टर जनमेजय महोबे व अन्य।



# पोस्ट ऑफिस में राशि जमा करने के नाम पर एजेंट ने लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- राशि की मांग को लेकर नाराज महिलाओं ने एजेंट के घर के सामने किय प्रदर्शन

अधिक ब्याज का लालच देकर पोस्ट ऑफिस में पैसा जमा कराने के नाम पर एजेंट द्वारा लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। इसे लेकर पीड़ित हितग्राहियों ने एजेंट के घर धावा बोल दिया और प्रदर्शन करते हुए राशि वापस दिलाए जाने की मांग की।

नगर में पोस्ट ऑफिस के नाम पर लोगों की वर्षों की मेहनत की कमाई हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है। इमली घाट निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ कांतु पर पोस्ट ऑफिस एजेंट बनकर लोगों से लाखों रुपये जमा कराने और उसे पोस्ट ऑफिस में जमा नहीं करने का आरोप लगा है। मामला सामने आते ही नगर में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी बीते कई वर्षों से घर-घर जाकर पोस्ट ऑफिस की विभिन्न बचत योजनाओं का प्रचार करता था। वह लोगों को बेहतर ब्याज और सुरक्षित निवेश का झांसा देकर हर माह रकम वसूलता रहा। हितग्राहियों को भरोसा दिलाया जाता था कि उनकी राशि पोस्ट ऑफिस खातों में जमा कर दी जा रही है, लेकिन जब कुछ हितग्राहियों ने अपने खातों की जानकारी लेने के लिए पोस्ट ऑफिस पहुंचकर जांच की, तो पता चला कि कई खातों में रकम जमा ही नहीं की गई है। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ और पीड़ितों में आक्रोश फैल गया। बुधवार को करीब 50 से 60 महिला-पुरुष हितग्राही आरोपी के घर पहुंचे और अपनी जमा रकम वापस करने की मांग करने लगे। धरने पर बैठी हितग्राही सुनीता यादव ने बताया कि यादव पारा क्षेत्र के ही लगभग 80 लाख से 1 करोड़ रुपये तक की राशि फंसी होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों ने मजदूरी, बच्चों की पढ़ाई और बेटियों की शादी के लिए अपनी जमा पूंजी यहां निवेश की थी, जो अब संकट में पड़ गई है। धरने और हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि हितग्राहियों का कहना है कि अब उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि अपनी पूरी जमा रकम वापस चाहिए।

# एक लाख रुपए के गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**चांपा।** लाखों के मादक पदार्थ के साथ आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा चुकी है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी चांपा के नेतृव में कार्रवाई करते हुए एक महिला के कब्जे से गांजा बरामद कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 मई को मुखबिर से सूचना मिला कि एक महिला भोजपुर इण्डेन गैस एजेंसी के पास में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बेच रही है। मुखबिर के बताये स्थान पुलिस पहुंची। इस दौरान उन्होंने देखा कि एजेंसी के पीछे एक महिला काला बैग लेकर खडी थी। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे पकडा। महिला की नाम पुछने पर उसने अपना नाम मोंगरा बाई ग्राम पिसौद थाना जांजगीर का होना बतायी। उसके कब्जे से अवैध मादक गांजा 2.1 किलोग्राम जब्त किया गया। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर 14 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव, उनि सत्यम चैहान, आरक्षक गौरीशंकर राय, ईश्वरी राठौर, विरेश सिंह, महिला आरक्षक निरमा टोप्पो एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।



# रामलला के दर्शन से श्रद्धालुओं को प्राप्त होगी आध्यात्मिक शांति : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- जिले से 187 श्रद्धालुओं का 16वां जत्था अयोध्या धाम रवाना

रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत बुधवार को जेल चौक खोखरा से जांजगीर जिले से 187 श्रद्धालुओं का 16वां जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं को विदा करने पहुंचे परिजनों ने भावुक मन से अपने प्रियजनों को शुभ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

अयोध्या धाम जाने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे यादगार और सौभाग्यपूर्ण क्षण है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति राजकुमार साहू ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य, धर्म और आदर्श जीवन के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा संचालित रामलला दर्शन योजना के माध्यम से आमजन को अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यह योजना श्रद्धालुओं के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन त्याग, करुणा, न्याय और मर्यादा का संदेश देता है। अयोध्या धाम में विराजमान रामलला के दर्शन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और नई ऊर्जा प्राप्त होगी। सभापति राजकुमार साहू ,समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक बरखा मिहिर सहित अतिथियों ने बस को झंडा दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं के रवाना होने के पूर्व फूलमालाओं एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूरा माहौल भक्ति में डूबा नजर आया। रामधुन, जयकारों और भक्तों की उमंग ने आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता सोनू यादव,समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक बरखा मिहिर,रवि राठौर,रवि देवांगन,श्रीकांत गोस्वामी,नपा कर्मचारी अनुपम तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



श्रद्धालुओं को गुलदस्ता देकर स्वागत करते जिला पंचायत के सभापति एवं अन्य।

## वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम कल

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के गौरवपूर्ण 150 पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 16 मई को जिला पंचायत आडिटोरियम जांजगीर में सुबह 10:30 से भव्य वन्देमातरम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् केन्द्रीय प्रवास के तहत राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस बालकृष्ण का आगमन (रायगढ़ विभाग) जांजगीर-चांपा जिले में होगा। इस कार्यक्रम के अभाविप के प्रमुख दायित्ववान कार्यकता व अभाविप रायगढ़ के कार्यकताओं की बैठक व शिक्षा जगत से जुड़े अन्य बैठकें भी होंगी। इस कार्यक्रम हेतु अभाविप जांजगीर-चांपा द्वारा तैयारी की जा रही हैं। कार्यक्रम में युवाओं व विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कार्यकताओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

# लायंस स्कूल के टॉपर विद्यार्थी कलेक्टर से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल के बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा जांजगीर में आयोजित एक समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।

बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थी अभय शर्मा 95.66 प्रतिशत, सौम्या साहू 93.66 प्रतिशत, आराध्या देवांगन 93.05 प्रतिशत, उस्मिता सरकार 91.33 प्रतिशत, निशिका जसवानी 90.83 प्रतिशत, सुधीर पटेल 90.83 प्रतिशत एवं दिव्या बरेठ 90 प्रतिशत को छग राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ द्वारा जांजगीर में आयोजित एक कार्यशाला में कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर कलेक्टर ने सभी को बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि केवल सम्मान करना ही हमारा उद्देश्य नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लक्ष्यों के प्रति प्रेरित करना हमारा ध्येय है। लायंस स्कूल के अनेक विद्यार्थियों के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल करने पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी, स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अजिता वी. के. सहित स्कूल स्टॉफ तथा लायंस क्लब परिवार ने हार्दिक प्रसन्नता जाहिर की है।




लायंस स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान करते कलेक्टर।

## देवकीनंदन झेरीया यादव समाज ने किया 10वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा का सम्मान

**तालदेवरी।** ग्राम बालपुर सिवनी में 10 मई को देवकी झेरीया यादव समाज का सांगठनिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सुहाना यादव को कक्षा 10 वीं में 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर देवकीनंदन झेरीया यादव समाज जिला संगठन ने फूल गुलदस्ते एवं 2100 रू देकर सम्मानित करते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुखी राम यादव, प्रमोद यादव, रामेश्वर प्रसाद यादव, गौतम सिंह यादव, देवचंद यादव, बोध राम यादव,गौरी शंकर यादव, शिवशंकर यादव, जयनारायण यादव,भुजबल यादव, घनश्याम यादव, बोधी राम यादव, धनी राम यादव, भोला शंकर यादव, सुरेश कुमार यादव, सुरेन्द्र यादव, चेतन यादव, सरोज कुमार यादव, राज कुमार यादव ,जोहना यादव, दिलीप यादव, जितेंद्र कुमार यादव, संतोष कुमार यादव सहित समाज के लोग उपस्थित थे।



### दस दिवसीय "लक्ष्य" बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ समापन

# संस्कारवान बच्चे ही बनते हैं समाज और राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन में आयोजित "लक्ष्य" बाल व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर के दसवें दिन बच्चों को नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में राजयोग शिक्षिका एवं गीतासार प्रवक्ता बीके शशिप्रभा ने बच्चों को जीवन में संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि "संस्कार ही बच्चों की सबसे बड़ी शक्ति हैं। संस्कारवान बच्चे ही समाज और राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य बनते हैं।" दीदी ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को सभी धर्मों का सम्मान करने, बड़ों का आदर करने तथा सात्विक आहार अपनाने की प्रेरणा दी। शिविर के दौरान बच्चों ने "मन रे मालिक में डूबा..." सहित कई प्रेरणादायक एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक और ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण आत्मरक्षा प्रशिक्षण रहा। बीके शशिप्रभा दीदी ने ताइकांडो एवं मार्शल आर्ट की प्रारंभिक तकनीकों का अभ्यास कराते हुए बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को सजग रहने और संकट की स्थिति में साहसपूर्वक प्रतिक्रिया देने के उपाय बताए। उन्होंने अपने बचपन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि छोटी उम्र से आत्मरक्षा सीखना आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।शिविर में योग, व्यायाम, ध्यान, योगनिद्रा एवं शवासन का अभ्यास भी कराया गया, जिससे बच्चों में मानसिक एकाग्रता, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का विकास हो सके। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों के नैतिक, आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास के माध्यम से उन्हें एक श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करना है।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411